पश्चिमी कोसी और राजपुर नहर

१७६९. श्री क० ना० तिवारी : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार राज्य में पश्चिमी कोसी और राजपुर नहर योजनाओं के प्रशासनिक एस्टीमेट की स्वीकृति दे दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो विलम्ब का कारण क्या है ?

सिंचाई तथा विद्युत् मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अलगेसन) : (क) जी, हां ।

(ख) ३०–११–१९६१ को ।

उत्तर प्रदेश में पड़ा हुआ गन्ना

१७७०. श्री सरजू पाण्डे : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में बहुत सा गन्ना पड़ा हुआ है जो इस साल चीनी मिलों ने नहीं खरीदा है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या किया है ?

खाद्य मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री अ० म० थामस) : (क) और (ख). जी नहीं । उत्तर प्रदेश में जो फैक्टरियां बन्द हैं वे सब अपने क्षेत्रों में उपलब्ध गन्ना पेरने के बाद ही बन्द हुई हैं । दूसरी फैक्टरियां जिनके पास गन्ना उपलब्ध है अभी भी काम कर रही हैं ।

डालीगंज स्टेशन पर पुल

१७७१. श्री सु० ला० वर्मा : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे के डालीगंज स्टेशन का टिकट-घर प्लेटफार्म पर स्थित है जहां पहुंचने के लिये यात्रियों को रेलवे लाइनें पार करके जाना पड़ता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि स्टेशन के दोनों ओर बस्ती है जिसमे इधर-उधर जाने के लिये लोगों को रेलवे लाइनें पार करनी पड़ती हैं ;

(ग) यदि हां, तो क्या डालीगंज स्टेशन पर पुल बनाने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है; और

(घ) पुल कब तक बन जाने की आशा है ?

रेल मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) डालीगंज स्टेशन का टिकट घर द्वीप प्लेटफार्म (island platform) पर है, लेकिन वहां पहुंचने के लिये यात्रियों को रेलवे लाइन पार नहीं करनी पड़ती क्योंकि स्टेशन पर एक सुरंग मार्ग (sub-way) बना हुआ है जिससे होकर स्टेशन के दोनों ओर और द्वीप प्लेटफार्म पर भी आने-जाने का रास्ता है ।

(ख) जो लोग स्टेशन के दोनों ओर रहते हैं, उन्हें एक ओर से दूसरी ओर आने-जाने के लिये रेलवे लाइन पार नहीं करनी पड़ती क्योंकि वे सुरंग-मार्ग से आ-जा सकते हैं ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) सवाल नहीं उठता ।

Supply of Bhakra Power to Rajasthan

1772. Shri K. R. Gupta: Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state:

(a) whether a scheme for supplying Electricity from Bhakra Nangal Project to Areas of Alwar District of Rajasthan from adjonining Areas of Punjab Districts, has been sanctioned and put into operation;

(b) whether only a small part of it has been put into operation and remaining has been postponed;